I/89442/2023

**उत्तराखण्ड शासन**
**सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी अनु0–1**
**संख्या– /IT-MISC/GOI/3/2020-XXXIV-1 (E-526)**
**देहरादून : दिनांक जनवरी, 2023**

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

भारत सरकार के पत्र संख्या–D.O.3-1/2022-NBM, दिनांक–02.12.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि देशभर में अवस्थापना विकसित करने के अन्तर्गत, विभिन्न Agencies द्वारा सार्वजनिक रोड/स्थलों में की जाने वाली खुदाई के दौरान पूर्व से स्थापित भूमिगत अवस्थापना संरचनाओं को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के उद्देश्य से विभिन्न Agencies में सामन्जस्य स्थापित किये जाने हेतु दूरसंचार विभाग द्वारा Call before U Dig (CBuD) Mobile App बनाया गया है। उक्त मोबाईल–ऐप के सफल संचालन हेतु विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारी नामित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

2– उक्त के क्रम में उद्योग विभाग में सिंगल विन्डो सिस्टम के अन्तर्गत नामित नोडल अधिकारियों को ही दूरसंचार विभाग के उक्त मोबाईल–ऐप के प्रयोजनार्थ संलग्न सूची के अनुसार विभिन्न विभागों में कार्यरत् अधिकारीगण/ कर्मचारियों को विभाग/जिला/क्षेत्र स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

3– यदि उक्तानुसार नामित नोडल अधिकारियों में आपके विभाग स्तर से कोई संशोधन प्रस्तावित है, तो इसकी सूचना 01 सप्ताह के भीतर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

**Signed by Shailesh Bagauli**
**Date: 06-01-2023 18:06:03**

(शैलेश बगौली)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, आई0टी0डी0ए0, देहरादून।
2. डी0डी0जी0 (ग्रामीण), यू0पी0 (वेस्ट), एल0एस0ए0, देहरादून।
3. निजी सचिव, सचिव/अपर सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज, विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग उत्तराखण्ड शासन को सचिव/अपर सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. श्री आलोक तोमर, सीनियर कंसलटेंट, SeMT, देहरादून को इस निर्देश के साथ कि संलग्न सूची में उल्लिखित विभागों एवं भूमिगत अवस्थापना संरचनाओं से सम्बन्धित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर यदि आवश्यक हो तो विभागों द्वारा प्रस्तावित संशोधनों की सूचना समेकित रूप से यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

**Signed by Rajnish Jain**
**Date: 06-01-2023 18:08:38** (रजनीश जैन)

उप सचिव।